# डी॰पी॰ओ॰ एवं सी॰डी॰पी॰ओ॰ लीडरशिप डेव्लपमेंट कोर्स

ट्रेनिंग ऑफ ट्रैनर

# मॉर्निंग सर्कल का समय



# मॉर्निंग सर्कल का महत्व

- केंद्र पर आने वाले **सभी बच्चे  सहज महसूस** करते हैं।
- बच्चें **सामाजिक और भावनात्मक रूप से पूरे दिन के लिए तैयार** होते हैं, ताकि वह सभी गतिविधियों में आत्मविश्वास और सक्रियता से प्रतिभाग कर सकें।
- बच्चों को केंद्र में **एक सुरक्षित और उत्साहवर्धक वातावरण का आश्वासन** मिलता हैं।
- **आँगनवाड़ी कार्यकत्री और बच्चों के बीच का संबंध मजबूत** होता हैं।
- बच्चों में **सामाजिकता की भावना बढ़ती** है।
- बच्चों की उनके **आस-पास की दुनिया के बारे में समझ सुदृढ़** होती हैं।
- एक **निश्चित दैनिक दिनचर्या** के अनुपालन का अभ्यास होता है।



# मॉर्निंग सर्कल का उद्देश्य

## उत्साहित करना

- सभी बच्चों को बात करने का मौका दिया जाता है।
- बच्चों को अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## सामाजिकता बढ़ाना

- बच्चों द्वारा उचित सामाजिक व्यवहार के अभ्यास को प्रेरित किया जाता है - जैसे समानुभूति, सहभागिता, और अपनी बारी की प्रतीक्षा करना।

## आत्म-सम्मान बढ़ाना

- बच्चों में समावेशन की भावना को बढ़ावा मिलता है।
- बच्चों को एहसास दिलाया जाता है कि उनके विचारों और भावनाओं का महत्व है और वे मूल्यवान है।
- बच्चों को स्वयं को और अपने कौशलों को पहचानने में मदद मिलती है।

## आत्म-विश्वास बढ़ाना

- बच्चे बिना घबराए संवाद करने लगते हैं।
- बच्चे गतिविधियों में भाग लेने पर संकोच नहीं करते हैं।
- बच्चे सामाजिक परिवेश में सहज महसूस करते हैं।

# मॉर्निंग सर्कल की गतिविधियाँ

बच्चों में विकसित होने वाले कौशल – **ध्यान केन्द्रित करना , अवलोकन करना, सुनना, समझना, बात करना**



बच्चों का स्वागत करना



स्वच्छता जांच करना



नाम टैग बांटना



कैलेंडर की गतिविधि करना



नियम पढ़ना



बातचीत करना

# क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए

| ✓ | ✗ |
|---|---|
| आँगनवाड़ी केंद्र सही समय पर खोलना एवं बच्चों के आने से पहले उनके लिए बैठने की व्यवस्था करना | मॉर्निंग सर्कल के सत्र को छोड़ना |
| बच्चों को गोलआकार में बैठाना और स्वयं भी उसमें बैठना | किसी भी बच्चे को गोलाकार से बाहर रखना |
| छोटे या विशेष ज़रूरत वाले बच्चों को अपने करीब बैठाना | बच्चों में दिव्यांगता के आधार पर भेद-भाव करना |
| छोटे या शांत बच्चों के साथ धैर्य रखते हुये, गतिविधि में प्रतिभाग करने और बात करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित एवं मदद करना | किसी भी बच्चे को अपने आप को व्यक्त करने से रोकना |
| मॉर्निंग सर्कल की सभी गतिविधियों का संचालन प्रतिदिन सुनिश्चित करना | मॉर्निंग सर्कल की गतिविधियों के लिए 30 मिनट से ज्यादा का समय व्यर्थ करना |
| बच्चों के साथ उनकी स्थानीय भाषा में चर्चा करना | छोटे बच्चों को विद्यालय की भाषा (हिन्दी) में प्रतिक्रिया देने के लिए दबाव डालना |

धन्यवाद !!

